तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 गौ सम्मान अभियान को लेकर 27 अप्रैल को ज्ञापन देने ...

13 हर्षोल्लास के साथ मना होली का त्यौहार, पुलिस रही...


**खबर संक्षेप**

### जिला स्तरीय महिला सम्मेलन एवं महिला मड़ई 8 मार्च को

**बेमेतरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को जिला स्तरीय महिला सम्मेलन एवं महिला मड़ई का आयोजन स्थानीय टाउन हॉल में किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री भी की जाएगी।साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के संबंध में संवाद करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

### बोरसी में त्रि-दिवसीय रामायण सम्मेलन आज से

**बेरला।** विकासखंड बेरला के ग्राम बोरसी में समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में 7 मार्च से तीन दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के मंत्री पाल ने बताया कि सम्मेलन में भगवान श्रीराम की कथाओं का वर्णन किया जाएगा। साथ ही आमंत्रित रामायण मंडलियां संगीतमय रामायण पाठ के माध्यम से शेष पेज 13 पर

**पर्व : पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था से जिले में शांतिपूर्वक मना रंगों का पर्व, हुड़दंग के 29 मामले दर्ज**

# होली पर जमकर जश्न: तीन दिनों में 12 करोड़ 12 लाख की शराब बिकी, 4 करोड़ से अधिक का मांसाहार खपाया





हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

जिले में इस वर्ष होली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। शहर से लेकर गांव-गांव तक लोगों ने रंग-गुलाल उड़ाते हुए एक-दूसरे को बधाई दी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरके। पुलिस प्रशासन की सख्त निगरानी और लगातार पेट्रोलिंग के चलते इस बार त्योहार अपेक्षाकृत शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

त्योहार के दौरान जिले में उत्साह का आलम इस कदर रहा कि तीन दिनों में मदिरा प्रेमियों ने 12 करोड़ 12 लाख रुपये की शराब खरीद डाली, वहीं मांसाहार के शौकीनों ने मुर्गे, बकरे और मछलियों पर करीब 4 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर दिए। इस तरह होली के मौके पर जिले में केवल शराब और मांसाहार पर ही लगभग 16 से 17 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया गया है।

## गांव-गांव में मना गया होली का त्यौहार

### हुड़दंगियों पर पुलिस की सख्ती, 29 मामले दर्ज

होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय रहा। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस जवानों की तैनाती के साथ दिन-रात पेट्रोलिंग की गई। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर हुड़दंग, मारपीट और सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आईं। पुलिस ने मारपीट, विवाद, बदमाशी और सड़क हादसों से जुड़े करीब 29 प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अधिकांश घटनाओं के पीछे नशाखोरी और हुड़दंगबाजी कारण रही। प्रशासन की सख्ती और आम जनता के सहयोग से इस बार जिले में होली का त्योहार शांति, सौहार्द और उल्लास के माहौल में संपन्न हो गया।



### गृह ग्राम में खाद्य मंत्री ने समर्थकों संग खेली होली

**नांदघाट।** गृह ग्राम कूंरा में खाद्य मंत्री ने अपने समर्थकों के साथ होली खेली व फाग गीतों का जमकर आनंद लिया। इस अवसर पर छेत्र भर से कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि पहुंचे।




### सुबह से शाम तक चलता रहा रंगों का उत्सव

होली के दिन बुधवार सुबह से ही शहर और ग्रामीण इलाकों में रंगों की धूम मच गई। लोग रंग, गुलाल और अबीर लेकर एक-दूसरे को सराबोर करते नजर आए। मोहल्लों और वार्डों में समूह बनाकर युवाओं ने रंगोत्सव का आनंद लिया, वहीं महिलाओं ने भी पारंपरिक ढंग से एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। शाम के समय कई स्थानों पर फाग गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ, जहां लोगों ने पारंपरिक होली गीतों पर झूमते हुए त्योहार की खुशियां साझा कीं। होली के इस रंगीन पर्व में जिले के सभी धर्म और समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लोग अपने रिश्तेदारों और परिचितों के घर पहुंचकर रंग लगाते रहे, वहीं सड़कों और गलियों में आने-जाने वाले लोगों को भी प्रेमपूर्वक रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी गई।

### आबकारी विभाग के आंकड़े: तीन दिन में 12.12 करोड़ की बिक्री

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 2 मार्च से 5 मार्च के बीच जिले में शराब की रिकॉर्ड बिक्री हुई। आबकारी विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 2 और 3 मार्च होलिका दहन और होली के दूसरे दिन 4 मार्च के इन 3 दिनों में 12 करोड़ 12 लाख के देशी और विदेशी शराब की बिक्री हुई है ! जिनमें 2 मार्च को 3 करोड़ 78 लाख 44 हजार 140 रुपए ,3 मार्च 5 करोड़ 69 लाख 34 हजार 200 रुपए ,वही होली के दूसरे दिन 5 मार्च को 2 करोड़ 53 लाख 44 हजार 930 रुपए कि शराब, मदिरा प्रेमियों ने जिले की दुकानों से खरीदी की ! इस तरह जिले के शराब शौकीनों ने इन 3 दिनों में जहां 12 कोड 12 लाख की शराब को जहां गटक गए । होली के अवसर पर मांसाहार की दुकानों में भी भारी भीड़ देखने को मिली। दुकानदारों दाऊ, शंकर ,जावेद के अनुसार इस बार करीब 4 लाख 50 हजार से अधिक मुर्गों की बिक्री हुई, जबकि मछली और बकरे की भी जमकर शौकीनों ने खरीदारी की गई। अनुमान के मुताबिक जिलेभर में 4 करोड़ रुपये से अधिक का मांसाहार खप गया।



## खबर संक्षेप



### मनाया गया नवाज का जन्मदिन

**छुईखदान।** केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान का जन्मदिन कांग्रेस कार्यालय में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। केक काटकर कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री खान ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह आप सभी का स्नेह है, जो हमें एक परिवार के रूप में कार्य करने और एक साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। रमजान का पवित्र महीना होने के बावजूद वह कार्यकर्ताओं से मिलने छुईखदान कार्यालय पहुंचे और सादगी के साथ केक काटकर सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, सज्जाक खान, आशु खान, भीम महोबिया, इशू दुबे, मनीष कोचर, प्रेम पाल, संजू नेताम, गिरधारी जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### दर्शनार्थियों एवं पदयात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

# डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि मेले में लगेगा निजी चिकित्सालय का निःशुल्क शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

## कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित

कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में आयोजित मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निजी चिकित्सालयों के संचालकों एवं प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि 19 मार्च 2026 से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान बड़ी संख्या में डोंगरगढ़ पहुंचने वाले दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ निजी चिकित्सालय भी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने सेवा पंडालों एवं प्रमुख मार्गों पर अस्थायी मेडिकल कैम्प, एम्बुलेंस सेवाएं और आपातकालीन ड्यूटी के लिए निजी चिकित्सालयों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मेडिकल कैम्प की स्थापना प्रमुख मेला पंडालों में निजी चिकित्सालयों द्वारा की जाएगी, जहां प्राथमिक उपचार केन्द्र संचालित कर मेले के दौरान रोटेशन के आधार पर निजी चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाएगी। प्राथमिक उपचार एवं दवाई वितरण की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। साथ ही एम्बुलेंस सेवा आपात स्थिति के लिए निजी अस्पतालों की एम्बुलेंस मेला क्षेत्र के समीप तैनात रहेगी। इसी प्रकार बाइक एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने मानवीय दृष्टिकोण रखते निःशुल्क प्राथमिक उपचार एवं दवाई वितरण की सुविधा प्रदान करने की अपील की।



### 48 संस्थाएं देंगी सेवाएं

बैठक में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24x7 कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। जिसके साथ निजी चिकित्सालयों का सीधा समन्वय रहेगा। 48 संस्थानों द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएगी। बैठक में उपस्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरुचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, जिला आरसीएच नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना लूनिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार एवं अन्य जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ नगर में मनाया गया

- छिटपुट घटनाओं ने बिगाड़ी पुलिस व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर में होली का त्योहार इस वर्ष उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। हालांकि कुछ स्थानों पर हुई छिटपुट घटनाओं के कारण पुलिस व्यवस्था पर सवाल भी खड़े हुए। बावजूद इसके नगर में होली का पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया।

ज्ञात हो कि होलिका दहन के दिन रात्रि ने कन्दरा पारा स्थित कुंवारी होली में राजा गिरिराज किशोर दास ने पूजा अर्चना कर होली जलाई, उसके बाद पूरे नगर उस होली की आग ले जाकर लोगो ने होली जलाई। ज्ञात हो कि यह परंपरा वर्षों पुरानी है जिसे आज भी मोहल्ले वासी तन्मयता के साथ मनाते है। मोहल्ले वासियों ने रहा के महल जाकर उनका अभिवादन किया और बजे गाजे के साथ होलिका दहन के लिए लेकर आए। होली के अवसर पर पूरे शहर में नगाड़ों की धूम रही और लोगों ने रंग-गुलाल के साथ एक-दूसरे को बधाई दी। नगर में आयोजित कुंवारी होली कार्यक्रम में राजा गिरिराज किशोर भी पहुंचे, जहां लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्सव मनाया।

वहीं कुछ उपद्रवी तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश भी की। जानकारी के अनुसार कुछ जगहों पर मारपीट की घटनाएं सामने आईं, जिसमें किसी का सिर फूटने तो किसी का हाथ टूटने की खबर मिली है। इन घटनाओं के कारण थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिसमें दो गुटों के बीच जमकर मारपीट होने की खबर है। इसके बावजूद होली का जश्न अगले दिन भी जारी रहा और लोग एक-दूसरे के घर जाकर बधाई देते रहे। नगर के कई स्थानों पर खुलेआम शराब की बिक्री भी देखने को मिली, जिस पर प्रशासन की निगरानी को लेकर नगरवासियों के द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं।

### भाईचारा कायम रहे

होली त्योहार को नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता गिरिराज किशोर दास ने कहा हमारे नगर में भाईचारा कायम रहे यही हमारी प्रेम व प्रतिष्ठा है। जहां एक ओर रमजान का महीना चल रहा है वही दूसरे होली का त्यौहार दोनों पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यही नगर की शान है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# पूर्व विधायक को बदनाम करने की साजिश

- लोधी समाज ने एसपी- कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



एक समाचार पत्र एवं अन्य पोर्टल मिडिया ने पूर्व विधायक कोमल जंघेल के खिलाफ झूठा समाचार प्रकाशित कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया था। इस मामले को लेकर जिला लोधी समाज ने लोधी समाज के प्रदेश पदाधिकारी आदि के साथ पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा आवेदन में सायबर रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का आरोप लगाकर भी ज्ञापन सौपा गया है।

जिले भर से आए सामाजिकजनों ने खैरागढ़ के लाराबन लोधी समाज भवन मे एकत्र होकर पैदल एसपी पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। फिर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। कार्यवाही नही होने पर प्रदेश लोधी समाज ने आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम लोधी, तीरथ चंदेल, उत्तमचंद जंघेल, दशमत जंघेल, बनऊराम, गोवेंद पटेल, नंदकुमार चंदेल, भुवन बघेल, अवध जंघेल, दुर्जन जंघेल, सरुप वर्मा, हर्ष दसरिया, नंद बाबा, नारद वर्मा, संतोष वर्मा, ईश्वरी वर्मा, ओंकार लिल्लारे, नेता जी, डेरालाल, उत्तम वर्मा, हर्ष वर्मा, ज्योति जंघेल, जीवन चंदेल, रोहित जंघेल, ईश्वरी वर्मा, जोहन वर्मा, रोहित जंघेल, दिनेश वर्मा, प्रकाश जंघेल, डॉ नेतराम जंघेल, दूजेराम जंघेल, विपिन जंघेल, थानसिंग जंघेल, रमेश जंघेल, दिनेश वर्मा, ओंकार बघेल, द्वारका वर्मा, गोपाल वर्मा, सीताराम जंघेल, गोरेलाल वर्मा, गणेश वर्मा, प्रेमलाल जंघेल, बीरेंद्र वर्मा, कमलेश वर्मा, झूलेंद्व वर्मा, भरत वर्मा, मोहन वर्मा, अशोक जंघेल, अजय वर्मा, वीरेंद्र जंघेल, राजेंद्र शिवहरे, झाडू राम, रोशन जंघेल, अजेन दसरिया, मनीष वर्मा, सोहन जंघेल, तिलक जंघेल, प्रकाश वर्मा, रमेश जंघेल, तोरण जंघेल, संतोष जंघेल, समारु जंघेल, अवध जंघेल, विष्णु मंडल, गैंदलाल, तुका राम, दीनाराम, परमेश्वर, तोरण जंघेल, खेलन जंघेल, रविंद्र वर्मा, अनूप, जयराम जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

# फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र से नौकरी, सहायक शिक्षक सेवा से बर्खास्त

**राजनांदगांव।** जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने डोंगरगांव विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला घोरदा के सहायक शिक्षक विकास लाटा को फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र संबंधी प्रकरण में संतोषजनक अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने पर शासकीय सेवा से पृथक कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक शिक्षक विकास लाटा के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई थी। प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध लगाया गया आरोप सिद्ध पाया गया है। विभागीय जांच में संबंधित कर्मचारी द्वारा फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रकरण में संतोषजनक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया तथा जिला चिकित्सालय दुर्ग में चिकित्सीय परीक्षण हेतु निर्देशित किए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं हुए। विभागीय जांच में तीन बार उपस्थित हेतु अवसर प्रदान किए जाने पर भी अनुपस्थित रहे। उपलब्ध अभिलेखों, जांच प्रतिवेदन तथा आरोपों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते सहायक शिक्षक विकास लाटा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत शासकीय सेवा से पृथक किया गया है।

# तीरंदाजों ने 5 गोल्ड, 1 सिल्वर व 1 ब्राउन मेडल पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- मिनी राज्य स्तरीय स्पर्धा में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

राजनांदगांव जिला पुलिस तथा अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन द्वार संचालित राह एकेडमी के नन्हें बच्चों ने रायपुर में अयोजित की गई मिनी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ दर्शन किया तथा 200 से अधिक बच्चों के बीच होने वाली प्रतियोगिता में राजनांदगांव का नाम रोशन करते उक्त प्रतियोगिता को अपने नाम किया। जिसके लिए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, आरआई लोकेश कसेर, अभिलेख अग्रहरि वेल्फ़ेयर फाउंडेशन तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकमनाएं दी गई।



### राज्य का करेंगे प्रतिनिधित्व

यह बच्चे गुंटूर जिले में आंध्रप्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिसमें श्रेया चौरासिया स्वर्ण पदक, यशमित सिन्हा स्वर्ण पदक, यादव रूद्र यादव स्वर्ण पदक, सृष्टि चौरसिया स्वर्ण पदक, रेशमी यादव स्वर्ण पदक, मोनिका ठाकुर रजत पदक, प्रणव पांडे कांस्य पदक ने अपना नाम किया। पुलिस विभाग तथा अभिषेक अग्रहारी वेल फेयरफाउंडेशन के तरफ से निःशुल्क प्रशिक्षण बच्चों को दिया जाता है, जो लगभग 7 वर्ष से संचालित है। जिसमें हर वर्ष राष्ट्रीय और राज्य स्तर प्रतियोगिता में कई मेडल अपने नाम कर चुके हैं।

# रेत में दबी मिली युवक का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले के मानपुर विकासखंड के मदनवाड़ा थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब भैसाराटोला हल्बा पारा और चावरगांव के बीच स्थित नदी में एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध हालत में बरामद हुआ है। शव नदी किनारे रेत में कमर से ऊपर तक दबा हुआ मिला, जिससे प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों में दहशत और कौतूहल का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार ग्रामीणों को नदी किनारे तेज बदबू आने पर वहां पहुंचे, वहां कुत्ते रेत को खोद रहे थे, जिससे शव का कमर से पैर तक का हिस्सा बाहर दिखने लगा। जब ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो रेत में दबा हुआ शव नजर आया। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। चार मार्च को सूचना मिलते ही मदनवाड़ा थाना पुलिस बद मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पांच मार्च को पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया, जिन्होंने साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू की। शव को रेत से बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र करीब 20 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच के आधार पर यह आशंका जताई जा रही है कि युवक की गमछा से गला घोंटकर हत्या की गई है और सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को नदी के अंदर रेत में दबा दिया गया। मदनवाड़ा थाना प्रभारी खोमन भंडारी ने बताया कि शव लगभग एक सप्ताह पुराना प्रतीत हो रहा है।

### मृतक की शिनाख्ती नहीं

पुलिस अज्ञात मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है और अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है और लापता व्यक्तियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है, ताकि मृतक की पहचान हो सके और घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके, वहीं इस सनसनीखेज घटना के बाद क्षेत्र में भय और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए किसानों का सम्मान

**राजनांदगांव।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम घुपसाल में जिले के अंदर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रीष्मकालीन धान के बदले 100 प्रतिशत मक्का फसल में परिवर्तन कर जल संवर्धन फसल परिवर्तन उत्कृष्ट कार्य के लिए किसानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य ओमप्रकाश चंद्रवंशी, ग्राम पंचायत सरपंच नरेश शुक्ला, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुदेश पटेल, कृषि विभाग के गौरीशंकर सहीश, डॉ. विकास सिंह, एबीस कंपनी के एक्जिक्यूटिव मैनेजर, प्रयाण टेरेटरी दुर्ग के मैनेजर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जाति प्रमाण पत्र जारी करने संभागायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** राज्यों के पुनर्गठन के उपरांत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में जाति प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चा एवं बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल ने 24 फरवरी को संभागायुक्त दुर्ग से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग (नियम शाखा), मंत्रालय के पत्र क्रमांक जीएडी/5788/2025 नियम-3 नवा रायपुर अटल नगर 8 जनवरी 2026 तथा भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पत्र क्रमांक एफ-नं.-



1207/3/2024-एससी डॉ. आंबेडकर नगर नई दिल्ली 10 जून 2025 का हवाला दिया गया।

इस अवसर पर जाति प्रमाणपत्र संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक रविन्द्र रामटेके, बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष राजू बारमाटे, डॉ. केएल टांडेकर, डीपी लोनहरे, दीपक कोटांगले, एमके ऊके, अमर सिंह वासनिक, किशोर, पीयूष ऊके, नीलेश ठावरे सहित बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव एवं संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ का निवासी होना अनिवार्य

प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में राष्ट्रपति द्वारा जारी अधिसूचना 01 नवंबर 2000 से प्रभावशील है (सलग्न-04)। इससे यह स्पष्ट होता है कि छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु संबंधित व्यक्ति का 1 नवंबर 2000 की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। अतः वर्ष 2000 की कट-ऑफ तिथि के आधार पर राज्य के सभी जिला दंडाधिकारियों को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश देने का निवेदन किया गया।

## पेयजल, वार्ड विकास एवं राजस्व वसूली के संबंध में की चर्चा

# महापौर ने बाबूटोला, ढाबा में किया पैदल भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड निरीक्षण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव शहर के शीर्ष वार्ड बाबूटोला, पुराना ढाबा एवं नया ढाबा में पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से पानी सफाई के साथ-साथ वार्ड विकास के संबंध में चर्चा की। बाबूटोला में पानी की समस्या पर महापौर श्री यादव ने बोर में पंप लगाकर टंकी से पानी सप्लाई के लिए कार्रवाई करने जल विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार बंद आंगनबाड़ी को मरम्मत कर चालू कराने कहा। इसी प्रकार नया ढाबा, पुराना ढाबा भ्रमण के दौरान नया ढाबा में पानी की समस्या को देखते तीन जगह बोरिंग में सब-मर्सिबल व टंकी लगाने तथा पुराना ढाबा में जहां-जहां पानी नहीं आ रहा है, उन जगहों पर निरीक्षण कर पानी सप्लाई करने इंटर कनेक्शन करने के निर्देश दिए।



### समय सीमा में निर्माण पूर्ण करने दिए निर्देश

महापौर श्री यादव विकास कार्य के तहत ढाबा में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाकर गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराने तथा स्वीकृत भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नया ढाबा में मैदान निरीक्षण कर सर्वसुविधायुक्त कबड्डी मैदान निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने तकनीकी अधिकारी को निर्देशित किया, जिसे स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जा सके। उन्होंने नया ढाबा में मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना अंतर्गत निर्मित दुकानों का अनुबंध करने एवं किराया चालू कराने राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी को निर्देशित किया। वार्डवासियों से चर्चा कर महापौर ने कहा कि वार्ड की सभी समस्या का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि सचिन टुरहाटे, खेमलाल साहू, सुरेश साहू, सूरज साहू, रमेश साहू, नारायण साहू, पन्ना साहू, कबीर साहू, गजेन्द्र योगश साहू, लेखचंद साहू, प्रेमा सोनकर, अगस्यबाई यादव, लीला साहू सहित अन्य नागरिकगण के अलावा प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता सुषमा साहू, उप अभियंता अनुप पांडे व आयुषी सिंह उपस्थित थे।

# बच्चों के लिए तिथि भोजन का आयोजन

**राजनांदगांव।** छुरिया विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम रानीतलाब के आंगनबाड़ी केन्द्र में वजन तिहार के अवसर पर बच्चों के लिए मां अम्बे स्वसहायता समूह द्वारा तिथि भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समूह द्वारा बच्चों के लिए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन में चावल, दाल, आलू-मटर की सब्जी, सेवई, पूड़ी, सलाद की व्यवस्था की गई। मां अम्बे स्वसहायता समूह की अध्यक्ष सलेन्द्री महानदिया एवं अन्य सदस्यों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के लिए आयोजित तिथि भोजन समुदाय की सक्रिय सहभागिता, बच्चों के प्रति समुदाय की जिम्मेदारी, सहयोग एवं सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण पहल है।

# पुलिस की दबिश, ढाबा से 7 पेटी शराब जब्त

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत शुष्क दिवस पर डोंगरगांव पुलिस ने एक ढाबा में दबिश देकर 7 पेटी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 मार्च को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि भारत ढाबा अमलीडीह का संचालक निजामुद्दीन अंसारी ऊर्फ राजा 34 वर्ष मटिया रोड डोंगरगांव अपने भारत ढाबा में अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर घेराबंदी कर एक आरोपी को पकडा गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी का नाम पूछने पर स्वयं का नाम निजामुद्दीन अंसारी ऊर्फ राजा 34 वर्ष मटिया रोड डोंगरगांव बताया। बरामद शराब को मौके पर पंचनामा तैयार कर विधिवत जब्त किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर थाना प्रभारी डोंगरगांव, प्रधान आरक्षक बृजमोहन यादव, आरक्षक बीसराम वर्मा एवं दीपक जाटवर, महिला आरक्षक राजकुमारी रत्नाकर की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

आरोपी के कब्जे से 320 नग देशी प्लेन शराब शोले कीमती 25,600 रुपए एवं 16 पौवा अंग्रेजी शराब ग्रीन लेबल ब्रांड कीमती 3200 रुपए कुल 336 पौवा कीमती 28,800 रुपए जब्त की गई।

## खबर संक्षेप

### रेल ट्रेक के बीच मिला शव

**डोंगरगढ़।** एक अज्ञात व्यक्ति का शव जटकन्हार- डोंगरगढ़ स्टेशन के बीच पड़ा मिला है। शव की सूचना मिलने पर घटना स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि एक पुरूष जिसकी उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष है दो पटरियों के मध्य नग्न अवस्था पड़ा था। उसका बांया हाथ धड़ से अलग व सिर कटा हुआ था। सिर का उपरी हिस्सा थोड़ी दूर पर पड़ा था। मृतक का कत्था रंग का पैंट व चप्पल व नीले रंग का फटा शर्ट को सुरक्षार्थ रखवाया गया है। मृतक के परिजनों का पता तलाश किया जा रहा है।

### शिशु मंदिर को दिया कम्प्यूटर

**डोंगरगांव।** पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने सरस्वती शिशु मंदिर आसरा को कम्प्यूटर सेट देने की घोषणा की थी। घोषणा के परिपालन में सरपंच शरद वैष्णव ने कम्प्यूटर क्रय कर 5 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर आसरा को प्रदान किया।

### वनांचल के गांव हुए रौशन

**सड़क अतरिया।** अब तक बिजली की सुविधा से वंचित वनांचल के कुछ गांव भी रौशन होकर जगमगाएगा। ग्राम पंचायत कोपरो के आश्रित ग्राम ग्वालगुंडी में मंगलवार को पी एम जनमन योजना के तहत सिंगबोरा, ग्वालगुंडी, आमाटोला में विद्युतीकरण होने के पश्चात मंगलवार को उद्घाटन किया गया। कुछ माह पहले जिला प्रतिनिधि निजाम मंडावी ने विद्युत विभाग को आवेदन देकर वनांचल के करीब आधा दर्जन गांव में विद्युत पहुंचाने की बात कही थी। विभाग ने सक्रियता दिखाते हुऐ छुटे गांव में विद्युत पहुंचा दिया है। कार्यक्रम में विद्युत वितरण कंपनी के एमडी भीमसिंग कंवर, जिपं सभापति के प्रतिनिधि निजाम सिंह मंडावी, मुंजन यादव, पारस ठाकरे, पवारसिंह, सरपंच बुधलाल, ओमकार यादव, खेमचंद, अलेन मरकाम सहित अन्य मौजूद थे।

### फाग गायन स्पर्धा में धनोरा मंडली विजेता

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में जय मां शीतला फाग समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्तरीय फाग महोत्सव का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में 30 फाग मंडलियों ने भाग लिया। झांकी वर्ग में प्रथम दास विलास जय अंबे जस एवं फाग मंडली मुढीया, द्वितीय विद्या दायिनी फाग झांकी मंडली धनडोगरी, तृतीय शीतला के अचरा नदगहिया फाग झांकी मंडली पलादुर , चतुर्थ बालकृष्ण रामधुनी फाग मंडली बोईरडीह, पंचम दुलेराय जस झांकी मंडली अंजोरा रही।

## निधन

### खेमूराम साहू



**साजा।** नगर पंचायत साजा के वार्ड नम्बर-13 निवासी 75 वर्षीय खेमू राम साहू का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम-परपोड़ा में किया गया। वे जोगेश कुमार साहू और योगेश कुमार साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार में नगरवासियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**न्यायालय तहसीलदार नांदघाट**
**जिला-बेमेतरा छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम किरता/ लालपुर / भिलौनी प.ह.न. 19-12-13 रा.नि.म. नांदघाट/ मारो तहसील नांदघाट को सूचित किया जाता है कि लेख है कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग भानुप्रतापपुर छ.ग. द्वारा पत्र क्रमांक /4096 / व.ले.लि. / 2025-2026 भानुप्रतापपुर दिनांक 26.12.2025 के माध्यम से कांकेर एवं नारायणपुर जिले के पूर्व भानुप्रपातपुर एवं नारायणपुर वन मंडल अंतर्गत राजनांदगॉव-बैलाडीला 46.0 कि.मी. नारायणपुर-अंतागढ़ रोड निर्माण हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोजन अंतर्गत व्यवर्तन प्रस्तावों में क्षतिपूर्ति वनीकरण के लिये वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु जिला बेमेतरा के दुर्ग वनमंडल अंतर्गत ग्राम किरता तहसील नांदघाट स्थित भूमि ख.न. 858 कुल रकबा 6.29 हे. का टु. 5.33 हे. एवं ख.न. 9158 कुल रकबा 9.66 हे. का टु. 2.980 हे. ग्राम भिलौनी तहसील नांदघाट स्थित भूमि ख.न. 901/1 कुल रकबा 20.00 हे. टु. 13.230 हे. एवं ग्राम लालपुर तहसील नांदघाट स्थित भूमि ख.न. 893 रकबा 8.20 हे. का टु. 7.340 हे. एवं ख.न. 901 कुल रकबा 16.62 का टु. 1.190 हे. को वन विभाग वन मण्डलाधिकारी दुर्ग के पक्ष में हस्तातंतरण करने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 11/03/2026 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथी पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
नांदघाट

## पर्व : थान खम्हरिया क्षेत्र मे शांतिपूर्ण मनी होली

# हर्षोल्लास के साथ मना होली का त्योहार, पुलिस रही मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। थान खम्हरिया

नगर सहित समूचे थाना क्षेत्र में रंग पर्व का त्योहार होली परंपरागत,उमंग व शांतिपूर्ण ढंग से मनी,सुबह से रंग गुलाल से सराबोर युवाओ की टोली एक दूसरे पर होली की रंग बिखेरते घुमते रहे हर वर्ग फाल्गुनी रंग मे रंगे दिखे होली छुटपुट घटना को छोड़ शांतिपूर्ण तरीके निपट गया।

थान खम्हरिया के विभिन्न वार्डो व ग्रामीण अंचलो मे जगह जगह पारंपरिक व लोकगीत फाग का आयोजन कर लोगो ने सद्भावना के बीच होली मनायी,लगातार पुलिस की मानिटरिंग के चलते सड़क पर हुड़दंगी नजर नही आये,इस प्रकार नगर सहित ग्रामीण अंचलो मे होली हर्सोल्लास मनाई गयी। नगर के सभी वार्डों में चारों ओर हवा में उड़ते गुलाल और रंगों से सराबोर लोग नजर आए। यह रंगीन नजारा देखकर हर कोई होली के रंग में रंग गया और लोगों ने जमकर होली खेली।



**एक-दूसरे को दी गई पर्व की शुभकामनाएं**

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, संजय सिंघानिया, हरि अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, दिलीप सिंह राजपूत, विजय शर्मा, थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा, मुकेश सिंह, सौरभ सिंह सहित अन्य लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर व मिठाई खिलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत के इस पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### लोगों में दिखा उत्साह

होली के त्योहार को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। एक सप्ताह पहले से ही लोगों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी थीं। सोमवार की रात होलिका दहन होने के बाद बुधवार को पूरे दिन रंगों का दौर चलता रहा। लोग एक-दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाकर होली की बधाई देते रहे। बच्चों ने भी ट्रॉली में रंग घोलकर अपने हमउम्र साथियों के साथ पिचकारियों एवं अन्य माध्यमों से होली का आनंद लिया। वहीं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन दिनभर मुस्तैद रहा और उपद्रवियों व

## करमतरा स्कूल में खेली गई इको फ्रेंडली होली



**बेमेतरा।** रंगों का त्यौहार होली केवल आपसी प्रेम का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का भी अवसर है। इसी भावना के साथ शासकीय प्राथमिक शाला कमतरा में होली का पर्व बेहद हर्षोल्लास और सादगी के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर में - शिक्षक और छात्र एक ही रंग में रंगे। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने गुरुजनों से आशीर्वाद लिया, वहीं शिक्षकों ने रंग लगाकर उन्हें पर्व की शुभकामनाएं दीं।

स्कूल के स्टाफ और बच्चों के बीच इस आत्मीय मिलन ने उत्सव के आनंद को दोगुना कर दिया। बच्चों की किलकारियों और चंचल हंसी से शाला परिसर खुशियों से गुंजायमान रहा। इस उत्सव की सबसे खास बात यह रही कि इसे पूरी तरह इको-फ्रेंडली तरीके से मनाया गया। इस अवसर प्रधान पाठक सनत ध्रुव ने बच्चों को एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए बताया कि हमें रंगों का त्योहार सादगी से मनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को समझाया कि पानी की बर्बादी रोकें, गीली होली की जगह सूखी होली (सिर्फ गुलाल से) खेलकर हम हजारों लीटर पानी की बर्बादी को कम कर सकते हैं। शिक्षक गौकरण चंद्राकर ने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्राकृतिक और सूखे रंगों का उपयोग हमारी त्वचा और पर्यावरण दोनों के लिए सुरक्षित है। इसलिए हमें हर्बल रंगों से ही होली खेलना चाहिए।इस दौरान शाला में सनत ध्रुव प्रधान पाठक, गौकरण चंद्राकर सहित बच्चें उपस्थित रहे।

## बैजी में बच्चों को मिली होली की शुभकामनाओं के साथ पाठ्य सामग्री

**बेमेतरा।** होली त्यौहार के पूर्व शासकीय प्राथमिक शाला बैजी स्कूल के बच्चों को बिस्किट एवं पाठ्य सामग्री व पेन बाँटा गया। पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहब द्वारा संचालित सदगुरू कबीर धर्मदास वंशावली मिशन के ग्राम बैजी के ग्रामीण प्रतिनिधियों के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बैजी के बच्चों को परीक्षा के पूर्व पाठ्य सामग्री पेन पेंसिल रबर बिस्किट का वितरण किया गया।

संस्था के द्वारा बच्चों को गुलाल लगाकर होली त्यौहार की बधाई दी गई। समिति व संस्था द्वारा साफ सफाई वृक्षारोपण प्रकृति सेवा नैतिक आचरण हेतु प्रेरित किया। प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे एवं स्टाफ भारती वर्मा ने भविष्य के लिए स्वच्छता एवं नशा मुक्ति रैली हेतु ग्रामवासियों के साथ योजना तैयार किया। इस अवसर पर विजेंद्र वर्मा, तामेश्वर वर्मा, कोमल वर्मा, दिनेश वर्मा, कोमल वर्मा, साजन वर्मा, लता वर्मा एवं शाला परिवार अर्थात सभी बच्चे शामिल रहे। कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय था। संस्था के प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे सभी ग्रामीण जनों का आभार प्रकट किया ऐसे सराहनीय कार्यक्रम हेतु हम भी आप लोगों को हमेशा सहयोग प्रदान करते रहेंगे कह कर धन्यवाद





## शासकीय प्राथमिक शाला महीदही में बच्चों ने उल्लासपूर्वक मनाई होली

**थानखमरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला महीदही के प्रांगण में भव्य होली महोत्सव का आयोजन किया गया। अत्यंत गरिमा, अनुशासन एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। स्कूल परिसर गुलाल के रंगों और बच्चों की किलकारियों से सराबोर रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को त्यौहारों के सांस्कृतिक महत्व से जोड़ना और आपसी भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम की शुभारंभ प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने बच्चों को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाईयां दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेश्वर श्रीवास,जानकी ठाकुर, हेमलता साहू,गजानन्द वैष्णव, अशोक कुमार धुर्वे उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ होली खेलकर उनके उत्साह को उमंग से भर दिया।

### आपसी भेदभाव मिटाने का प्रतीक है होलीः प्रधान पाठक

प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत और आपसी भेदभाव मिटाने का प्रतीक है। विद्यालय में ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक समरसता की भावना विकसित होती है। सभी बच्चों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सहपाठियों पर रंग-बिरंगे गुलाल लगाकर होली महोत्सव को धूमधाम से मनाया।

## मां गोदावरी आनंदवन आश्रम में धूमधाम से मनाई गई होली



**बेरला।** ग्राम गोमची स्थित माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम में होली का पर्व उत्साह, प्रेम और पारिवारिक वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम की ट्रस्टी कल्पना योगेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने बुजुर्गों व स्टाफ के साथ मिलकर गुलाल-अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं।

आश्रम परिसर में रंग, हँसी और खुशियों का माहौल देखने को मिला। बुजुर्गों ने भी पूरे उत्साह के साथ इस पर्व में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाईं और होली गीतों के साथ खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि माँ गोदावरी आनंदवन केवल एक आश्रम नहीं, बल्कि एक परिवार है। यहाँ रहने वाले सभी बुजुर्ग हमारे परिवार के सदस्य हैं और हर त्योहार उन्हें परिवार जैसा अपनापन देने का प्रयास किया जाता है।

**ये रहे उपस्थित_** कार्यक्रम में डॉ. सीपी सेन, संगीता, लक्ष्मी नारायण, अनिल कांगो, जगदीश अग्रवाल, महेश बोवनी, सकलदेव, सुनील तिवारी, तुकाराम, मोहन नायर, मोहनलाल, ओमप्रकाश सोनी, प्रकाशचंद जैन, शांतीलाल जैन, संजय, पिपलेश्वर, मुनेश सहित सैकड़ों बुजुर्ग उपस्थित रहे।

# वनांचल में निकाली मनरेगा बचाव पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशन में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव की उपस्थिति में पदयात्रा का आयोजन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के नेतृत्व में आयोजित पदयात्रा का शुभारंभ मरकाकसा में महात्मा गांधी की पूजा-अर्चना कर किया गया। मरकाकसा से यह यात्रा विभिन्न ग्रामों से गुजरती हुई जोब पहुँची। यहां आमसभा के साथ समापन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि सरकार द्वारा ग्राम सभा के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त करने, वित्तीय जिम्मेदारी का बोझ राज्यों पर डालने और कार्य उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को निष्प्रभावी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस सरकार की ऐतिहासिक मनरेगा योजना में जनविरोधी परिवर्तन कर मजदूरों की रोजी-रोटी पर चोट पहुंचाया जा रहा है। पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने कहा कि कांग्रेस की मनरेगा योजना में गलत परिवर्तन करके इसे कमजोर किया जा रहा है। जिन प्रावधानों के कारण ग्रामीणों को नियमित काम मिलता था, उन्हें जटिल प्रक्रियाओं से निष्प्रभावी बना दिया गया है।



**आत्मनिर्भरता का प्रतीक**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महेंद्र यादव ने कहा कि मनरेगा केवल योजना नहीं बल्कि ग्रामीण स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस संग्राम को जन-जन तक पहुंचाया जाए और सरकार पर दबाव बनाया जाए। सभा को राहुल तिवारी, पंकज बांधव, चुम्मन साहू, अनीस खान, पूर्व ध्यक्ष रितेश जैन ने भी संबोधित किया।

**ग्रामीण भी हुए शामिल**

सभा का संचालन कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने किया । इस दौरान अशोक फड़नवीस, हेमू सोनी, सीमा यादव, शकील कुरैशी, रोशन रजक, भावेश सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, सुलेखा मरकाम, कन्हैया कोले, कुलदीप साहू, धनेंद्र कोठारी, पवन वैष्णव, ईश्वरी मेरी, कल्पना आदि मौजूद थे। अंत में मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा ने आभार व्यक्त किया।

# बेमेतरा में स्व. डॉ सुरेंद्र दुबे की स्मृति में हुई गजल संध्या व कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बेमेतरा

जिले के शासकीय पीजी कॉलेज बेमेतरा में होली के अवसर पर पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे जी की स्मृति में गजल संध्या और कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका के अध्यक्ष विजय सिन्हा जी उपस्थित हुए ।

- होली के अवसर पर साहित्य और संगीत का संगम
- मुख्य अतिथि विजय सिन्हा ने डॉ दुबे की याद में किया भावपूर्ण

उन्होंने डॉ सुरेंद्र दुबे को याद करते हुए कहा कि बेमेतरा को विश्व स्तर में पहचान दिलाने में कवि डॉ सुरेंद्र दुबे जी विशेष स्थान है। अतिथियों में संजय दुबे पारिवारिक सदस्य के रूप में शामिल हुए उन्होंने डॉ सुरेंद्र दुबे जी याद करते हुए नमन किया साथ ही घनश्याम साहू डिप्टी सेक्रेटरी मंत्रालय रायपुर ने भी डॉ सुरेंद्र दुबे को याद करते हुए उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गजल गायक नूतन प्रभात द्वारा प्रस्तुत गजल ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### इन्होंने श्रोताओं को किया भाव-विभोर

दोपहर के बाद कवि सम्मेलन में रामानंद त्रिपाठी बेमेतरा, गोकुल बंजारे बेमेतरा, ईश्वर साहू साजा, हृदय राम वर्मा बेरला, राजेश चौहान रायपुर, जगदीश सोनी बेरला, मनोज पाटिल गीतकार बेमेतरा,राजीव मधुकर नवागढ़, मनीष वर्मा नवागढ़, भोला राम साहू शायर बेमेतरा, उषा डहरे गीतकार बेमेतरा, घनश्याम साहू, डॉ डॉशन साहू साजा, जितेंद्र बारले ने अपने कविताओं और गीतों के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीणा त्रिपाठी के साथ डी आर साहू, एम एफ खान, डॉ डी द्विवेदी, ज्योति गेंदले, डॉ आर के त्रिपाठी, नर्मदा, सुश्री सृष्टि तिवारी, राजकुमार वर्मा डी एम सी, राजेश शर्मा, और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर जितेंद्र बारले ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में साहित्य और संगीत के प्रति रुचि पैदा करना था।

# कपड़ा कारोबारी ने लगाई फांसी

## 6 दिन में तीन मौतों से सहमा जैन समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव



होली की खुशियां तब मातम में बदल गई जब नगर के कपड़ा व्यापारी प्रशांत जैन (स्वप्निल) ने लोहे की चेन के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते छह दिन की अवधि में तीन की मौत होने से जैन समाज सकते में आ गया है। नगर के प्रतिष्ठित प्रशांत होलसेल बाजार के संचालक 39 वर्षीय प्रशांत ( स्वप्निल) जैन कुछ समय से अस्वस्थ थे। नागपुर में उनका इलाज चल रहा था। होली के दिन सब कुछ सामान्य था। लोग रंग खेलने की शुरुवात कर ही रहे कि प्रशांत की मौत की खबर ने सबको हैरान कर दिया और देखते ही देखते होली की खुशियां मातम में बदल गई। सदर लाइन, बाजार एरिया में सन्नाटा पसर गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा उनके निवास पर लग गया। स्व जैन अपने पीछे पत्नी प्रतिभा और दो बेटी पाखी 11 और विज्ञांशी 2 साल छोड़ गए हैं।

स्व जैन के आकस्मिक मौत की खबर से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। उल्लेखनीय है कि छह दिनों में जैन समाज के तीन की मौत हो चुकी है। इससे पहले 27 फरवरी को कवि और सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश जैन राही का निधन हो गया था। एक दिन अंतराल बाद सेवानिवृत्त शिक्षक पवन जैन की धर्मपत्नी सरोज जैन और 4 मार्च को प्रशांत जैन का निधन हो गया।

### अंतिम विदाई

स्व जैन का अंतिम संस्कार बुधवार शाम को मुक्तिधाम में किया गया। उन्हें मुखाग्नि छोटे भाई सौरभ जैन ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, नपं उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, प्रफुल्ल जैन, प्रियंक जैन, सद्दाम खत्री, दिलीप नाहटा, अनिल टावरी, धरमचंद बोथरा, देशराज जैन, राजकुमार, विमल, सतीश जैन, सुनील टावरी, दीपक शर्मा, अजीत जैन, धर्मेंद्र जैन, रामकुमार गुप्ता, मनोज हेमनानी, प्रबोध, नारायण साहू, किशोर बोहरा, शीतल लोढ़ा, विकास शर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन, व्यापारी एवं जन प्रतिनिधि शामिल हुए।

### चाकू लहरा रहे युवक को दबोचा

**गंडई पंडरिया।** शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार होली के मौके पर गंडई में पुलिस व्यवस्था पहले से बेहतर रही। चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती देखने मिली हालांकि इस दौरान लड़ाई झगड़े की छुटपुट घटनाएं भी हुई परन्तु आपसी समझौता के चलते केस दर्ज नहीं हुआ। पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए धारदार हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम गोकना के अटल चौक पर आने-जाने वालों को चाकू दिखाकर डरा-धमका रहा था। जानकारी के अनुसार 4 मार्च को पुलिस टाउन एवं देहात पेट्रोलिंग पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गोकना के अटल चौक के पास एक युवक हाथ में चाकू लेकर राहगीरों को आतंकित कर रहा है।

पेज 11 का शेष

### बोरसी में त्रि-दिवसीय ...

विभिन्न कथा प्रसंगों की व्याख्या प्रस्तुत करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी तथा जनपद पंचायत बेरला के सभापति रविशंकर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस तीन दिवसीय रामायण सम्मेलन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### होलिका दहन की रात स्कूल में तोड़फोड़, पानी की टंकी व केबल तोड़े

**नांदघाट।** होलिका दहन की रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मगरघटा में जमकर उत्पात मचाया। स्कूल बिल्डिंग में लगी पानी की टंकी बाथरूम के दरवाजे तोड़े नल की सारी फिटींग उखाड़ दिया बिजली कनेक्शन का केबल तोड़ दिया है। विद्या के मंदिर में जमकर उत्पात मचाने से हजारों रुपये का नुकसान पहुंचा है। शिक्षकों को इसका पता दूसरे दिन विद्यालय पहुंचने पर लगा। घटना की सूचना प्राचार्य श्रीमति प्रतिमा चौबे द्वारा पुलिस और प्रशासन को दे दी गई है। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सीताराम साहु , सदस्यों तथा ग्रामवासियों ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए घटना की निंदा की है तथा पुलिस से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### पार्टी का निर्णय महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है : सिन्हा

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी हाईकमान द्वारा ओबीसी नेत्री व रायपुर जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा को छत्तीसगढ़ से



राज्यसभा सांसद पद के लिए नामित किए जाने पर पार्टी संगठन में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। विशेषकर भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे संगठन में समर्पित कार्यकर्ताओं के सम्मान का प्रतीक बताया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा ने राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लक्ष्मी वर्मा का नामांकन यह दर्शाता है कि भाजपा जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले नेताओं को उचित मंच प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक सक्रिय भूमिका निभाने वाली वर्मा का चयन संगठन की कार्यसंस्कृति और समावेशी राजनीति का प्रमाण है। सिन्हा ने आगे कहा कि भाजपा ने सदैव ओबीसी वर्ग सहित समाज के सभी वर्गों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने का कार्य किया है। लक्ष्मी वर्मा का राज्यसभा के लिए नामांकन न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह ओबीसी समाज के सम्मान और भागीदारी को भी मजबूत करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यसभा में पहुंचकर लक्ष्मी वर्मा छत्तीसगढ़ की जनभावनाओं को प्रभावी ढंग से उठाएंगी और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से रखेंगी। श्री सिन्हा ने बताया कि पार्टी के इस फैसले से भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर एक-दूसरे को बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व के निर्णय का स्वागत किया और इसे संगठन की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया।

# गौ सम्मान अभियान को लेकर 27 अप्रैल को ज्ञापन देने की बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

सद्गुरुदेव ब्रह्मलीन आचार्य स्वामी धर्मेंद्र महाराज के पुत्र पंचखंड पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी सोमेंद्र महाराज का नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर विकास केडिया के निवास पर गौ सम्मान आवाहन अभियान के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना, गौ संरक्षण को बढ़ावा देना तथा पूरे भारत वर्ष में गौ हत्या को पूर्णतः बंद कराना है। बैठक में परम पूज्य स्वामी सोमेंद्र जी महाराज ने कहा कि देसी नस्ल की गौ माताएं सड़कों पर दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं और कई प्रांतों में गौ वध की घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लाखों गौवंश का कत्लखानों में वध किया जा रहा है तथा गौशालाओं में भी समुचित व्यवस्थाओं का अभाव है।

**गौ माता के संरक्षण और सम्मान के लिए हुई बैठक**



### गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए अभियानः सोमेंद्र महाराज

महाराज जी ने कहा कि पूरे भारत में गौ हत्या पर प्रतिबंध लगाने तथा गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पूरी तरह अहिंसक, शांतिपूर्ण और अनुरोध के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। यह किसी भी राज्य या केंद्र सरकार के विरुद्ध नहीं है, बल्कि संविधान के दायरे में रहकर गौ माता के लिए आवश्यक सेवा, सुरक्षा और सम्मान की मांग को लेकर चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल 2026 को भारतवर्ष की प्रत्येक तहसील कार्यालय में गौ माता के सानिध्य में हजारों की संख्या में सनातनी एवं गौ भक्त पहुंचकर माननीय प्रधानमंत्री, माननीय राष्ट्रपति, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के माध्यम से गौ हत्या बंद करने तथा गौ माता को सम्मानजनक दर्जा प्रदान करने की मांग की जाएगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पं.जोशी, बलदेव केडिया, अनिल सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, राकेश जोशी, बसंत केडिया, शिवेंद्र बिंदल, विक्की दुबे, अजय शर्मा, संतोष सिंह राजपूत, केदार सिंह राजपूत, खिलावन राजपूत, विनोद शर्मा, संतोष पांडेय सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे।

**मांग : 8 फरवरी को चुलमाटी कार्यक्रम में हुआ था नोहर बल्लू पाल पर हमला**

# भाजपा नेता पर जानलेवा हमला, आरोपी और संदिग्धों को गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम बरगा में 8 फरवरी रविवार की रात करीब 9 बजे पूर्व सरपंच व वरिष्ठ भाजपा नेता नोहर बल्लू पाल (52) पर जानलेवा हमला हुआ था जिसके एक आरोपी जलेश ठाकुर को गिरफ्तार कर कार्रवाई की थी जिससे असंतुष्ट होकर पिड़ित नोहर पाल सहित तहसील क्षेत्र के पाल समाज के दर्जनो लोगो ने आज घटना के 26 दिन बाद थाना पहुँचकर थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा को ज्ञापन सौपकर अन्य संदिग्ध आरोपीयो की उचित जांचकर सक्षम कार्रवाई करने की मांग रखी है।

आरोपी जलेश ठाकुर ने पिड़ित नोहर बल्लू पाल को मारने की नीयत से धारदार हथियार से गले मे हमला कर घायल कर दिया था जिसका ईलारायपुर चला था उक्त मामले मे पुलिसने आरोपी के उपर हाफ मर्डर बीएनएसएस की धारा 109(1)अपराध पंजीबध्द कर न्यायालय मे पेश किया जहाँ उसे जेल भेज दिता गया। हमलावर वर्तमान सरपंच नंदकुमारी ठाकुर का पुत्र है जो नशे का आदी है, इस सनसनीखेज़ घटना के बाद लोगो मे आक्रोश देखा गया था। पीड़ित के पक्ष मे ग्राम बरगा सहित आसपास के पाल समाज के दो दर्जन से भी अधिक लोग इकट्ठे होकर थान खम्हरिया थाना पहुँचकर थाना प्रभारी को अन्य संदिग्ध लोगो पर कार्रवाई करने त्ज्ञापन सौपा।हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन मे ग्रामीणो ने ने मांग रखते हुए कहा कि घटना दिवस की वाहन गतिविधियों,मोबाईल का काल डिटेल तथा घटना मे प्रयुक्त हथियार की बरामदी जैसे बिन्दुओ पर संदिग्धो की सक्षम जांच कार्रवाई किया जावे। हमले में भाजपा नेता के श्वासनली तक गहरी चोट आने के चलते 12 से 14 टांके लगाए गए थे। घटना के बाद क्षेत्र मे बढते अपराध के मूल कारण नशाखोरी को मानते हुए लोगो ने चिंता जाहिर किया है। इस घटना को लेकर लोगो मे तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिला था और थान खम्हरिया थाना क्षेत्र में नशाखोरी के चलते लगातार बढते अपराध को विपक्ष ने सरकार की कमजोरी बताया।

**गडरिया समाज ने थाना प्रभारी को सौपा ज्ञापन**



### चुलमाटी कार्यक्रम से लौटते समय घात लगाकर वार

8 फरवरी की रात नोहर बल्लू पाल गांव के ही एक वर्मा परिवार के यहां आयोजित चुलमाटी कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहा था तभी गांव के संतोषी मंदिर के पहले अंधेरे स्थान पर आरोपी जलेश ठाकुर ने मौका पाकर अचानक हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया था अचानक हुए इस हमले से ग्राम बरगा मे अफरा-तफरी मच गई थी लोगो को समझ नही आ रहा था इतने मे पिड़ित के रक्तश्राव को देखकर लगा हमला हुआ है।आनन-फानन मे भाजपा नेता को थान खम्हरिया समुदायीक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया था जहाँ प्राथमिक उपचार किया गय।पिड़ित ने उक्त हमले की सहाआरोपी उप सरपंच बरगा को बताया है उन्होने थाना प्रभारी के समक्ष खुले तौर पर कुछ संदिग्धो के नाम गिनाए।

# खाना मांगने पर हुआ विवाद, गुस्से में पति ने कर दी पिटाई, पत्नी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट/बेमेतरा

जिले के नांदघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमरिया में खाना मांगने को लेकर हुए विवाद में गुस्साए पति ने पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में नांदघाट पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सेमरिया निवासी भागवत पात्रे और उसकी पत्नी कुमारी बाई पात्रे के बीच 4 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे खाना मांगने की बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि पति द्वारा खाना मांगने पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। गुस्से में आकर भागवत पात्रे ने पहले पत्नी को थप्पड़ मारा, जिससे वह जमीन पर गिर गई। इसके बाद उसने आग जलाने वाली लकड़ी से भी उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह बेहोश हो गई। घटना के बाद आरोपी ने उसे उठाकर घर में खाट पर लिटा दिया। कुछ समय बाद गांव के लोगों को इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। महिला की हालत गंभीर देख एंबुलेंस के जरिए उसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल नवागढ़



ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पूछताछ में स्वीकारा अपराध

घटना की सूचना मिलने पर नांदघाट पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान घरेलू विवाद में मारपीट से महिला की मौत होना पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया। थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी भागवत पात्रे (55) निवासी सेमरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने 6 मार्च को उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पूरे मामले की कार्रवाई में थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, राजकुमार चौबे, विजय शुक्ला, नैनदास रात्रे, आरक्षक प्रताप सिंह यादव, नरेन्द्र बंजारे, मिथुन चंद्रवंशी, अजय गोयल, संजय साहू सहित थाना नांदघाट पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कृषि और ग्रामीण परिवर्तन पर हुई कार्यशाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन को गति देने के उद्देश्य से एग्रीकल्चर ऑन रूरल ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 6 मार्च को कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड साजा में किया गया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित किसानों के समक्ष माननीय प्रधानमंत्री का संबोधन लाइव प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने किसानों को वर्ष 2026 के बजट में कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में नए अवसरों और योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि देश में कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं उद्यानिकी जैसे संबद्ध क्षेत्रों के व्यावसायिक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड में सामूहिक प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने किसानों को वैश्विक मांग के अनुरूप उत्पादन बढ़ाने, मूल्य संवर्धन और बेहतर विपणन व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने का आह्वान किया। साथ ही ए आई पॉवर्ड भारत विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा कोकोआ, अखरोट बादाम चंदन जैसे उच्च मूल्य वाले फसलों के उत्पादन विस्तार कार्यक्रमों की जानकारी भी वेबिनार के माध्यम से किसानों को दी गई।

- पीएम के संबोधन का लाइव प्रसारण कर किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी

कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी साजा दिनेश कुमार धुर्वे ने उपस्थित कृषक मित्रों को विभागीय योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कृषक मित्र स्वयं पहले उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाएं और उसके बाद अन्य किसानों को भी प्रेरित करें, ताकि क्षेत्र में आधुनिक खेती का विस्तार हो सके। इसी दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विनय कुमार शर्मा ने टिकाऊ खेती पर आधारित प्राकृतिक विधि से फसल उत्पादन की जानकारी किसानों को दी और रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान तथा प्राकृतिक खेती के लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान किसानों को आधुनिक खेती, उत्पादन बढ़ाने की तकनीक, बाजार से जुड़ाव और कृषि से आय बढ़ाने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषक मित्र एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे और कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।







